# गणतंत्र दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री मनोज कुमार

## का

# संदेश

## 26 जनवरी, 2023

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
नागपुर



# गणतंत्र दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशकगण, CVO WCL, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्यगण, समस्त विभागाध्यक्ष एवं Team WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं, सज्ज्नवृंद और प्यारे बच्चों ! सर्व प्रथम आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ ..!

आज ही की तारीख यानी 26 जनवरी, 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था और हमारे महान राष्ट्र को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया था। तब से, हम एक लंबा सफर तय कर चूके हैं, और आज भारत एक मजबूत और विविध अर्थव्यवस्था, एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और एक जीवंत नागरिक समाज के साथ एक संपन्न लोकतंत्र के रूप में खड़ा है। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हम उन सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को दिल की गहराइयों से याद करते हैं और उन्हें नतमस्तक होकर श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी और जिनकी बदौलत हमें एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था विरासत में मिली। हम अपने संविधान के निर्माताओं को भी याद करते हैं, जिन्होंने आजादी के बाद एक ऐसा संविधान तैयार किया, जिसने हमारे राष्ट्र के लिए एक पथप्रदर्शक का कार्य किया है।

भारत का संविधान एक सशक्त और जीवित दस्तावेज है जो हमारे समाज की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्षों से विकसित हुआ है। यह एक ओर जहाँ सभी नागरिकों के मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है, वही दूसरी ओर हमें राज्य के प्रति कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का बोध भी कराता है। आइये, गणतंत्र दिवस के मौके पर हम अपने संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रण लें। हम एक मजबूत, अधिक समृद्ध और अधिक समावेशी भारत बनाने के लिए मिलकर काम करें।

साथियों, पिछले 75 वर्षों में भारत ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और इस प्रगति को गति देने में हमारे कोयला उद्योग की अहम भूमिका रही है। हमने समय-समय पर देश की ऊर्जा आपूर्ति को सुनिश्चित कर अपने दायित्व का निर्वहन किया है और हमें इस बात की बहुत ख़ुशी है। हमारे खनिकों ने अपने खून-पसीने से देश को रोशन किया है।

22 जनवरी, 2023 तक हमने कोयला उत्पादन के, अब तक के निर्धारित सकल 43.30 मिलियन टन के लक्ष्य से अधिक 43.78 मिलियन टन को प्राप्त किया है जोकि गत वर्ष से 5.30 मिलियन टन अधिक है। इसी प्रकार हमने इस वित्तीय वर्ष 22 जनवरी, 2023 तक 47.47 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है जोकि हमारे अब तक के लक्ष्य का 96.5% है और 239.81 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन हटाकर कर हमने अपने अब तक के लक्ष्य का 97.1% लक्ष्य हासिल कर लिया है। यह हम सब के मिले-जुले प्रयासों एवं बेहतरीन तालमेल का प्रतिफल है। यह विदित है कि इस वर्ष, बीते कुछ वर्षों के अपेक्षा, वर्षा ज्यादा एवं दीर्घ अवधि तक रही। इस वजह से, जुलाई से अक्टूबर तक उत्पादन, प्रेषण एवं OB Removal प्रभावित रहा। लेकिन जैसे ही मौसम अनुकूल हुआ, हमारे कर्तव्य के प्रति समर्पित टीम ने कार्य निष्पादन में नई ऊर्जा और गति हासिल की। अगर हम माह दिसम्बर 2022 की बात करें तो हम लोगों ने अभी तक का, दिसम्बर माह का, सर्वाधिक कोयला उत्पादन एवं OB Removal किया है। यह गति जनवरी माह में भी जारी है। हमने 1 से 22 जनवरी तक के अवधि का, अब तक का सर्वाधिक उत्पादन, प्रेषण तथा OB Removal किया है। मुझे विश्वास है कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा और हम अपने इस वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों 63 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 63 मिलियन टन प्रेषण एवं 330 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार को हटाने में सफल होंगे। यह TEAM WCL के लिए गर्व की बात है कि वे निरंतर नई सोच के साथ निरंतर नई ऊंचाई को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

आपको ज्ञात होगा कि गत वर्ष बारूद की कमी के चलते हमारा उत्पादन काफी प्रभावित हुआ था। इस समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में IOCL के साथ MoU किया गया है। जिसके तत्वावधान में M/s IOCL ने उमरेड क्षेत्र में SME प्लांट बैठाकर उसे क्रियान्वित कर दिया है। यह निश्चय ही कंपनी को बारूद उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में अहम एवं सकारात्मक पहल है।

आज इस राष्ट्रीय पर्व के पावन अवसर पर हम संकल्प लेते हैं कि हम वेकोलि को न केवल कोयला उत्पादन में अग्रणी कंपनी बनाएंगे, अपितु, सतत विकास, नवीन तकनीकी, मानव संसाधन विकास एवं निगमित सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में भी चहुँमुखी विकास को उन्मुख होंगे। साथ ही खदान सुरक्षा के क्षेत्र में भी हम तत्पर होंगे। खदान दुर्घटनाओं पर रोक लगाना अत्यंत अनिवार्य है। और यह बात मैं जोर देकर कहना चाहूंगा कि, हमें सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करना है। स्वयं के परिवार के संपोषण एवं संपन्नता के लिए हम सभी को सुरक्षा नियमों का पालन कड़ाई के साथ करना है।

हम राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व का, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने की दिशा में सतत प्रयासरत हैं। खुली खदानों से सतत उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता का कोयला उपलब्ध करवाने की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए हमने पिछले वर्ष मुंगोली OC में भी सरफेस माइनर लगाया है। इसी श्रृंखला को जारी रखते हुए हमारा अगला सरफेस माइनर पौनी-II में जल्द ही शुरू हो जाएगा और निकट भविष्य में तीन और परियोजनाओं में सरफेस माइनर लगाया जाएगा।

हम पहले भी बता चुके हैं कि हम भूमिगत खनन कार्य में नई तकनीक को अपनाने के पक्षधर हैं। नई तकनीक के इस्तेमाल से न केवल हमारी कार्य क्षमता में बढ़ोतरी होगी बल्कि खनन कार्य अधिक सुरक्षित होगा, उत्पादन, उत्पादकता एवं मुनाफा में भी वृद्धि होगी। इस दिशा में हमने कई सकारात्मक कदम उठाए हैं। गत वर्ष तवा-II खदान में Continuous Miner का उद्घाटन किया गया था। इस वर्ष पाथाखेड़ा क्षेत्र की छतरपुर-I खदान में Continuous Miner लग चूका है और तवा में जल्द ही Continuous Miner आने वाला है। भविष्य में WCL की भूमिगत खदानों में कुल 20 Continuous Miner लगाने की रूपरेखा तैयार है। UG Mining पद्धति को और सशक्त बनाने की दिशा में हम कुछ खुली खदानों को Highwall Mining पद्धति से भी चलाने में प्रयासरत हैं। बिता वर्ष हमारे लिए नई पहल के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। हमने First Mile Connectivity (FMC) परियोजना पर जमीनी स्तर पर कार्यवाई शुरू कर दी है। CIL एवं उसकी अनुषंगी कंपनी में, WCL इंटीग्रेटेड कमांड एंड कन्ट्रोल सेंटर (ICCC) फॉर ई-सर्विलांस का शुभारम्भ करने में अग्रणी कंपनी बनी है।

गत वर्ष में वेकोलि ने पर्यावरण संरक्षण हेतु उल्लेखनीय कदम उठाएं हैं। कोयला खदान एवं आसपास की भूमि पर बड़ी संख्या में पौधा रोपण किया गया। हमने अभी तक तकरीबन दो करोड़ पौधारोपण किया है, कार्य क्षेत्र में डस्ट सप्रेशन के लिए ट्रक एवं ट्रॉली माउंटेड फोग केनन, स्वीपिंग मशीन आदि का प्रयोग किया जा रहा है। क्षेत्रों में एयर क्वॉलिटी अब सीएएक्यूएमएस के माध्यम से ऑनलाइन मॉनिटर की जा रही है। गत वर्ष हमने 11 Nos, CAAQMS लगाये हैं। चालू वित्तीय वर्ष में हमने अपना दूसरा ECO PARK, झुरे कॉलनी पेंच क्षेत्र में उद्घाटित किया है। इस श्रृंखला में अभी अन्य जगहों पर भी कार्य हो रहा है।

हम MAHAGENCO के सौजन्य से Pipe Conveyor के जरिए चंद्रपुर क्षेत्र की भटाडी खदान से चंद्रपुर थर्मल पॉवर प्लांट को कोयला भेज रहे हैं, जिसकी क्षमता 06 हजार टन प्रति दिन है। नागपुर क्षेत्र से Ist फेज में सिंगौरी और भानेगांव से Pipe Conveyor के जरिए कोराडी थर्मल पॉवर प्लांट को कोयला भेजना जल्द ही शुरू होने की संभावना है, वहाँ निकट भविष्य में IInd फेज के तहत में इंदर, गोंड़ेगाँव और कामठी को भी इससे जोड़ा जाएगा। यह कदम श्रम और समय की बचत के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी हितकारी साबित होगा।

वेकोलि ने CSR के तहत इस वित्तीय वर्ष में ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता, आपदा प्रबंधन, हेल्थ केयर, ग्रामीण विकास, शिक्षा, सेनिटेशन, ग्रामीण इलाकों में मोतियाबिंद के ऑपरेशन, स्पेशल चाइल्ड को सहयोग, पेय जल आदि उपलब्ध करवाया है। हमने CSR के जरिये वनाच्छादित क्षेत्र में बसे10 गाँवों की लगभग 1300 लोगों की आबादी को स्व-सहायता ग्रुप (Self Help Group) से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी आगे कदम बढ़ाएं हैं।

मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा युवाओं को कौशल विकास केन्द्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूर्व की भांति इस वर्ष भी हजारों परियोजना प्रभावित और बेरोजगार युवाओं को CIPET, FDDI, ATDC, Ashok Leyland IDTR, JCB, MARUTI SUZUKI एवं VOLTAS जैसे प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे वे प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार हासिल करने में सफल रहें हैं और स्वयं को स्व-रोजगार से भी जोड़ रहे हैं। हाल ही में 318 बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने में हम सफल रहे हैं। यह सराहनीय है और मैं आशा करता हूँ कि भविष्य में भी हमें ऐसे ही सकारात्मक परिणाम हासिल होते रहेंगे।

MISSION 'SEHAT' के तहत WCL HQ और क्षेत्रों में शुरू किये गए 'कॉल सेंटर' कर्मियों के लिए एक नई आशा की किरण की तरह काम कर रहें हैं। कर्मी एक कॉल मात्र से अपनी बात हम तक पहुँचने में सक्षम हैं और उसका यथाशीघ्र निदान भी किया जाता है। अब तक इन कॉल सेंटर के जरिये प्राप्त कुल 7081 समस्याओं में से 6175 का निदान किया जा चूका है, शेष 906 पर हमारी टीम कार्य कर रही है। इस प्रकार हमने 87 % समस्याओं का समाधान करने में सफलता हासिल की। हमारी यह पहल आगे भी जारी रहेगी।

शिक्षा एवं खेलकूद में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से आज इस पावन राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर, मैं इस मंच से MISSION 'TARASH' (Talent Amplification of Rural Youth Through Agressive Skill Hunt) के शुभारम्भ की उद्घोषणा करता हूँ। MISSION 'TARASH' के माध्यम से हम वेकोलि के आस-पास के क्षेत्रों में बसे युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का उचित अवसर एवं संसाधन देने का भरसक प्रयास करेंगे, जिससे वे अपने सर्वांगीण विकास के साथ-साथ समाज और अपने देश का गौरव बढ़ाएंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी ये पहल रंग लाएगी।

दोस्तों, अब मैं आपसे वर्ष 2022 में मिले विशिष्ट अवाड्र्स को साझा करना चाहूँगा। वेकोलि को 18 अगस्त, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित 'कोल मिनिस्टर अवार्ड 2021-22' समारोह में तीन पदक प्राप्त हुए। कंपनी द्वारा सतत विकास की दिशा में सकारात्मक कार्यों के लिए, सस्टेनेबिलिटी की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग क्रियान्वयन की श्रेणी में वेकोलि को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

इसी प्रकार 01 नवम्बर, 2022 को कोल इंडिया लिमिटेड के 48 वें स्थापना दिवस पर वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) को पर्यावरण/पर्यावरण प्रबंधन के लिए कॉरपोरेट अवार्ड (Corporate Award on Environment/ Environment Management Award), निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए कॉरपोरेट अवार्ड (Corporate Award on CSR), विक्रय में सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि के लिए कॉरपोरेट अवार्ड (Corporate Award on Highest % age Increase in Net Sales) एवं खुली खदानों में सर्वाधिक कैपेसिटी यूटिलाइजेशन के लिए कॉरपोरेट अवार्ड (Corporate Award on Highest Departmental Capacity Utilization - OC Projects), सभी में द्वितीय स्थान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा वेकोलि के कर्मियों को तीन पुरस्कार व्यक्तिगत श्रेणी में मिले, इस प्रकार वेकोलि को कुल 07 पुरस्कार इस अवसर पर प्राप्त हुए।

दोस्तों, इस अवसर पर मुझे आपको यह बताते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि पिछले साल हमारी रेस्क्यू की टीम ने देश और विदेश में दो पुरस्कार जीते, एक अमेरिका, वर्जीनिया में आयोजित 12 वीं अंतर्राष्ट्रीय खान बचाव प्रतियोगिता-2022 (IMRC - 2022) में खान बचाव कौशल श्रेणी (Mines Rescue Skill Category) में तृतीय स्थान और दूसरा राजस्थान में आयोजित अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता में भी द्वितीय स्थान हासिल किया। यह अत्यंत हर्ष का विषय है। अवार्डों एवं सम्मानों की यह दीर्घ सूची आप सभी की टीम भावना द्वारा किए गए कार्य, सच्ची लगन और मेहनत के साक्षी हैं।

इस वित्तीय वर्ष की आखिरी तिमाही के इन Production Months में हम लोग हर पंद्रह दिन में रू-ब-रू के माध्यम से मुखातिब होते रहेंगे और इस अवसर पर मुझे यह बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि इस तिमाही में लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने वाले कर्मियों को 'Star Performer of The Fortnight' से सम्मानित किया जाएगा। मैं, आह्वान करता हूँ कि TEAM WCL का प्रत्येक सदस्य अपना सर्वोत्तम देकर कंपनी को उन्नति के शिखर पर ले जाने का भागी बने।

अपने संबोधन के अंत में मैं कहना चाहूंगा कि लक्ष्य प्राप्ति की विजय-पताका लहराये बगैर हम चैन से नहीं बैठेंगे। हम अपने इस साल के कोयला उत्पादन 63 मिलियन टन, कोयला प्रेषण 63 मिलियन टन और OBR 330 मिलियन क्यूबिक मीटर के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगें। मैं, सभी खनिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संघ के पदाधिकारीगण, कंपनी के निदेशकगण और अन्य अंशधारक जो वेकोलि को सफलता के शिखर पर ले जाने में अपना योगदान दे रहे हैं, सभी को धन्यवाद देता हूँ । एक बार फिर सभी को सपरिवार गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ।

जय हिन्द !
नागपुर
26 जनवरी, 2023

(मनोज कुमार)